वो मोरछड़ी अपनी तेरे सर पे घुमा देगा भजन लिरिक्स

करे ना जब तुझपे,
जब तुझपे दवा दुआ कोई काम,
किसी भी झाड़े से मिले नहीं आराम,
खाटू वाले से कहना तकलीफ मिटा देगा,
वो मोरछड़ी अपनी तेरे सर पे घुमा देगा,
वो मोरछड़ी अपनी तेरें सर पे घुमा देगा।bd।

मोरछड़ी की महिमा न्यारी है,
थाम कर बैठा लीलाधारी है,
सारी दुनिया में इसका चर्चा है,
लोग कहते ये जादूगारी है,
इसमें क्या जादू सांवरा तुमको दिखा देगा,
वो मोरछड़ी अपनी तेरें सर पे घुमा देगा।bd।

सांवरा जिस पर खुश हो जाता है,
मोरछड़ी उस पर लहराता है,
काम जो कोई भी ना कर पाए,
मोरछड़ी से वो करवाता है,
नामुमकिन को मुमकिन ये पलभर में बना देगा,
वो मोरछड़ी अपनी तेरें सर पे घुमा देगा।bd।

तेरा संकट सारा कट जाएगा,
काम है अटका वो बन जाएगा,
ग्रहों का दोष भी गर होगा तो,
हाथों ही हाथ वो मिट जाएगा,
'सोनू' मोरछड़ी से तेरी तक़दीर बदल देगा,
वो मोरछड़ी अपनी तेरें सर पे घुमा देगा।bd।

करे ना जब तुझपे,
जब तुझपे दवा दुआ कोई काम,
किसी भी झाड़े से मिले नहीं आराम,
खाटू वाले से कहना तकलीफ मिटा देगा,
वो मोरछड़ी अपनी तेरे सर पे घुमा देगा,
वो मोरछड़ी अपनी तेरें सर पे घुमा देगा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com